तापमान
अधिकतम 37.9 डिग्री
न्यूनतम 19.7 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

11 एनसीसी कैडेट्स ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



12 लाभार्थियों को 21-21 हजार रुपये के बॉन्ड बांटे



खबर संक्षेप

10.75 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

गोहाना। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सोनीपत यूनिट ने नशीला पदार्थ बेचने की सूचना पर खानपुर खुर्द गांव में कार्रवाई करते हुए युवक को 10.75 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव खानपुर खुर्द निवासी अमित के रूप में हुई है। पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि अमित अपने खेत में बने कमरे के बाहर हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस ने उसे काबू किया और राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर तलाशी ली। आरोपित के पास थैली में हेरोइन मिली। इस मामले में बरोदा थाना में केस दर्ज किया गया।

घर का ताला तोड़कर नकदी व आभूषण चुराए

गन्नौर। बीएसटी कालोनी में एक महिला के घर का ताला तोड़कर चोर नकदी, आभूषण समेत घरेलू सामान चोरी कर ले गए। महिला का बेटा जब स्कूल से लौटा तो उसे चोरी का पता चला। थाना गन्नौर पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में निशा देवी ने बताया कि वह सुबह करीब साढ़े आठ बजे काम के लिए घर से बाहर गई थी। उसके दोनों बच्चे स्कूल चले गए थे। दोपहर करीब 2 बजे बेटा सचिन घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर वह घर पहुंची तो अलमारी का ताला भी टूटा मिला। शिकायत के अनुसार चोर नकद रुपये, सोने-चांदी के आभूषण, गैस सिलेंडर, इंडक्शन चूल्हा और मोबाइल फोन चोरी कर ले गए

भगत हंसराज को उनकी जयंती पर किया याद

गोहाना। शुक्रवार को आदर्श नगर स्थित हंस ध्वनि सभागार में आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के सदस्यों द्वारा भगत हंसराज की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। मुख्य वक्ता मोर्चे के निदेशक डा. सुरेश सेतिया ने भगत हंसराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण हो सकता है। उन्होंने युवाओं से उनके विचारों को अपनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने की और कार्यक्रम का मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भगत के विचारों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि महात्मा हंसराज का जीवन प्रेरणा का स्रोत रहा है। कार्यक्रम में मोनू खुराना, रामनिवास पांचाल, शीशपाल शर्मा, मंजीत व अन्य मौजूद रहे।

पार्कों के साथ वार्डों के चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर भी होगी व्यवस्था

1.5 करोड़ से शहर में लगेंगे 2000 से अधिक बेंच

■ नगर निगम ने बेंच लगाने की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संबंधित एजेंसी को काम सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

शहरवासियों को पार्कों और सार्वजनिक स्थलों पर बैठने की बेहतर सुविधा देने के लिए नगर निगम 1.5 करोड़ रुपये खर्च करेगा। इसके तहत शहर के विभिन्न पार्कों, वार्डों के चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर 2000 से अधिक नए बेंच लगाए जाएंगे। निगम ने बेंच लगाने की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संबंधित एजेंसी को काम सौंप दिया है। अब जल्द ही विभिन्न स्थानों पर बेंच लगाने का काम शुरू होने की उम्मीद है। निगम का लक्ष्य दीपावली से पहले अधिकतर स्थानों पर बेंच लगाने का है। शहर में 100 से अधिक पार्क हैं, लेकिन कई जगह पुराने बेंच टूटे हुए हैं या लंबे समय से खराब पड़े हैं। वहीं कई पार्कों में पर्याप्त बेंच नहीं होने से सुबह-शाम सैर और व्यायाम के लिए आने वाले बुजुर्गों, महिलाओं समेत अन्य लोगों को परेशानी होती है। इसी को देखते हुए निगम ने नए बेंच लगाने की योजना तैयार की है। योजना में केवल पार्कों को ही शामिल नहीं किया गया है। वार्डों के चौक-चौराहों और लोगों की अधिक आवाजाही वाले सार्वजनिक स्थलों पर भी जरूरत के अनुसार बेंच लगाए जाएंगे। निगम पार्षदों के सहयोग से ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाएगा, जहां लोगों को वास्तव में बैठने की आवश्यकता है। पार्कों में सैर और व्यायाम के बाद आराम करने के लिए बैठने की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी।

■ शहर में 200 से अधिक पार्क

■ दीपावली से पहले अधिकतर स्थानों पर बेंच लगाने का लक्ष्य



लोगों की सुविधा देने के लिए लगेंगे बैंच

शहरवासियों की सुविधा के लिए पार्कों का निर्माण करवाया गया है और इनमें पर्याप्त बैठने की व्यवस्था जरूरी है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बेंच लगवाने की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर संबंधित एजेंसी को काम सौंप दिया गया है। करीब 1.5 करोड़ रुपये से 2000 से अधिक बेंच लगाए जाएंगे। इनमें पार्कों के साथ वार्डों के चौक-चौराहों और सार्वजनिक स्थलों को भी शामिल किया गया है।

-अजय निराला, कार्यकारी अभियंता, नगर निगम, सोनीपत

तकनीकी और प्रक्रियागत कारणों से अटकी थी योजना



निगम अधिकारियों के अनुसार शहर में बेंच लगाने की योजना पर काफी समय से काम चल रहा था, लेकिन तकनीकी और प्रक्रियागत कारणों से इसमें देरी हो रही थी। इस दौरान कुछ एजेंसियों की ओर से प्रक्रिया को लेकर आपत्तियां भी दर्ज कराई गई थीं। अब आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद एजेंसी को काम सौंप दिया गया है। निगम के अनुसार जल्द ही बेंच लगाने का काम शुरू किया जाएगा। निगम अधिकारियों ने कहा कि दीवाली से पहले शहरवासियों को इससे राहत मिलेगी।

अवैध शराब की खेप के साथ दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

क्राइम यूनिट खरखौदा ने एनएच-334बी पर रोहणा के पास एक कार से अवैध शराब की खेप पकड़ी। पुलिस के अनुसार दोनों चंडीगढ़ से शराब लेकर गुजरात जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के गांव पिपली निवासी जितेंद्र और गांव चंपाबेरी निवासी श्रवण के रूप में हुई है।

चार दिन के रिमांड पर

न्यायालय ने दोनों को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। क्राइम यूनिट की टीम मुख्य सिपाही राकेश के नेतृत्व में एक अक्तूबर की रात रोहणा बाईपास पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि दो युवक कार में अवैध शराब लेकर गुजरात जा रहे हैं और रोहणा के पास किसी व्यक्ति का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर आबकारी निरीक्षक सोमबीर को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद टीम ने बताए गए वाहन की घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। आबकारी निरीक्षक की निगरानी में कार की तलाशी लेने पर 18 प्लास्टिक कट्टों में चार्ली रिजर्व व्हिस्की के 2304 पच्चे बरामद हुए। पुलिस के अनुसार शराब की बोतलों पर केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए होने का उल्लेख था और बैच नंबर एक अगस्त 2026 दर्ज था। पुलिस ने मौके पर शराब के नमूने भी लिए। तलाशी के दौरान कार के सनरूफ कवर में गुजरात के अलग-अलग नंबरों वाली चार वाहन नंबर प्लेट भी मिलीं। दोनों आरोपित शराब का लाइसेंस या परमिट नहीं दिखा सके। नंबर प्लेट के संबंध में भी वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पुलिस ने शराब, कार और नंबर प्लेट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



■ 18 कट्टों में मिली व्हिस्की, कार में गुजरात की चार नंबर प्लेट भी बरामद

■ राजस्थान के रहने वाले आरोपी, गुजरात लेकर जा रहे थे खेप

महिला से 3.39 लाख रुपये की साइबर ठगी

सोनीपत। घर बनाने के लिए ऋण लेने की जरूरत गांव नांदनौर निवासी रेखा को महंगी पड़ गई। साइबर जालसाज ने खुद को ऋण योजना का प्रतिनिधि बताकर उसे ऋण चुकाने पर 33 प्रतिशत तक की छूट दिलाने का झांसा दिया। विश्वास में लेने के बाद आरोपित ने खाते में रकम जमा कराने के नाम पर रेखा से डेबिट कार्ड की जानकारी और कई बार ओटीपी हासिल कर लिए। इसके बाद अलग-अलग लेनदेन के जरिए उसके खाते से 3 लाख 39 हजार 900 रुपये निकाल लिए गए। रेखा ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि 22 सितंबर को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया था। उसने खुद को ऋण संबंधी योजना से जुड़ा बताया और कहा कि सरकार की योजना के तहत ऋण की वापसी पर 33 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। आरोपित ने अपनी ओर से 5 से 10 ऋण पर 35 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट दिलाने का दावा भी किया। पहले रेखा ने उसकी बात पर भरोसा नहीं किया, लेकिन आरोपित ने कुछ दस्तावेज दिखाकर विश्वास में ले लिया। घर निर्माण के लिए ऋण की जरूरत होने के कारण वह उसके झांसे में आ गई।



■ खुद को योजना का प्रतिनिधि बताकर हासिल की डेबिट कार्ड की जानकारी और ओटीपी, 10 लेनदेन में निकाली रकम

इसके बाद आरोपित ने ऋण की रकम खाते में जमा कराने के बहाने डेबिट कार्ड की जानकारी और ओटीपी ले लिए। बाद में रेखा को खाते से रकम निकलने का पता चला। 21 और 22 सितंबर को हुए 10 लेनदेन में उसके खाते से 3,39,900 रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पावर ग्रिड के विरोध में महापंचायत कल, तैयारियों में जुटे किसान संगठन

■ सोहटी धरने पर अभिमन्यु कोहाड़ का अनशन चौथे दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

सोहटी गांव में पावर ग्रिड के विरोध में चल रहे किसानों के धरने पर किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ का अनशन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। अनशन के समर्थन में बड़ी संख्या में किसान धरने पर पहुंचे। किसानों ने संकल्प लिया कि 4 अक्टूबर को आयोजित होने वाली किसान महापंचायत ऐतिहासिक होगी और इसमें आंदोलन को लेकर आर-पार का फैसला लिया जाएगा। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि 4 अक्टूबर की महापंचायत में हरियाणा के साथ पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में किसान पहुंचेंगे। महापंचायत की तैयारियों के लिए किसानों ने अलग-अलग टीमें गठित की हैं, जो गांवों में जाकर प्रचार कर रही हैं। शुक्रवार को मेडिकल टीम ने अनशनकारी अभिमन्यु कोहाड़ की स्वास्थ्य जांच की।



खरखौदा। अनशनकारी अभिमन्यु कोहाड़ की जांच करती मेडिकल टीम

जांच में उनका शुगर स्तर 62, ब्लड प्रेशर 140/86 और पल्स रेट 75 दर्ज किया गया। धरने पर प्रवीण दहिया, जयप्रकाश राणा, विकास राणा, देवेंद्र गहलावत, रविंद्र मलिक सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में बिजली कटौती से व्यापारी चिंतित

गन्नौर। बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती को लेकर उद्योगपतियों की चिंता बढ़ती जा रही है। एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन बड़ी ने आए दिन लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित होने पर नाराजगी जताते हुए बिजली विभाग से समस्या का जल्द समाधान करने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में कार्यदिवसों के दौरान पूरे दिन बिजली कटौती होना उद्योगों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। बिजली आपूर्ति बाधित रहने से उत्पादन प्रभावित हो रहा है और उद्योगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। समय पर उत्पादन पूरा नहीं होने के कारण तैयार माल की आपूर्ति और औद्योगिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा है। एसोसिएशन ने बिजली विभाग से औद्योगिक क्षेत्र की बिजली व्यवस्था की समीक्षा करने की मांग की है।

गांधी चौक पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

■ सेवा संकल्प अभियान के तहत मोहनलाल बड़ौली और मेयर राजीव जैन ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी जयंती पर शुक्रवार को सेक्टर-14 स्थित गांधी चौक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के चेयरमैन मोहनलाल बड़ौली और मेयर राजीव जैन ने स्वयं झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान गांधी चौक परिसर की सफाई की गई। इसके बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा की सफाई कर दोनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया था। स्वच्छता केवल किसी विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हर व्यक्ति घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए। मेयर राजीव जैन ने कहा कि स्वच्छ सोनीपत के लिए जनभागीदारी जरूरी है। लोगों को कूड़ा इधर-उधर नहीं डालना चाहिए और गीले-सूखे कचरे को अलग रखना चाहिए। स्वच्छता को रोजमर्रा की आदत बनाकर ही शहर को स्वच्छ रखा जा सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर निगम सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर दोनों महान विभूतियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। मेयर जैन ने विश्वकर्मा चौक से फ्लाईओवर तक स्वच्छता अभियान चलाया और मौके पर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र में नियमित सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



सोनीपत। गांधी चौक पर स्वच्छता अभियान के दौरान मोहनलाल बड़ौली, राजीव जैन एवं अन्य।

मुरथल में चार्जिंग क्षमता बढ़ाने की योजना पर ब्रेक, जाटजोशी में बनेगा नया स्टेशन

3 एकड़ जमीन पर 50 ई-बसों की चार्जिंग सुविधा की तैयारी फिलहाल एक प्वाइंट के सहारे 15 बसों का हो रहा संचालन

तीन चार्जिंग प्वाइंट को सक्रिय करने के लिए 12 किलोवाट ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य फिलहाल रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रोडवेज विभाग ने सोनीपत डिपो की ई-बसों की चार्जिंग व्यवस्था को लेकर अपनी योजना में बदलाव किया है। अब मुरथल स्थित चार्जिंग प्वाइंट की क्षमता बढ़ाने के बजाय जाटजोशी में प्रस्तावित नए बस अड्डा परिसर में 50 ई-बसों की क्षमता वाला चार्जिंग स्टेशन तैयार किया जाएगा। करीब तीन एकड़ जमीन पर स्टेशन बनाने की मंजूरी और निशानदेही के बाद विभाग ने काम शुरू करवाने की तैयारी तेज कर दी है।

वहीं, मुरथल में तीन चार्जिंग प्वाइंट को सक्रिय करने के लिए 12 किलोवाट ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य फिलहाल रोक दिया गया है। सोनीपत डिपो से इस समय 15 ई-बसों का पांच रूटों पर संचालन हो रहा है। मुरथल प्रशिक्षण केंद्र में बने चार्जिंग स्टेशन पर फिलहाल एक ही प्वाइंट के सहारे बसों को चार्ज करना पड़ रहा है। बसों की संख्या बढ़ने के बाद चार्जिंग क्षमता कम पड़ रही है। ऐसे में जरूरत के अनुसार पानीपत और दिल्ली के चार्जिंग प्वाइंटों का भी सहारा लेना पड़ रहा है।

विभाग ने पहले मुरथल में तीनों चार्जिंग प्वाइंट सक्रिय करने के लिए 12 किलोवाट का ट्रांसफार्मर लगाने की योजना बनाई थी। इसके लिए कार्य भी शुरू करवाया गया था। इसी बीच जाटजोशी में नए बस अड्डे के लिए जमीन चिह्नित होने और मंजूरी मिलने के बाद विभाग ने चार्जिंग स्टेशन को भी वहीं विकसित करने का निर्णय लिया। यहां भविष्य में 50 ई-बसों को एक साथ चार्ज करने की व्यवस्था तैयार करने की रूपरेखा है।



अक्टूबर में 10 और ई-बसें मिलने की संभावना

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार सोनीपत डिपो के बेड़े में कुल 50 ई-बसें शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। अक्टूबर में 10 और नई ई-बसें मिलने की संभावना है। इन्हें पांच-पांच के दो चरणों में शामिल किया जा सकता है। इसके बाद डिपो में ई-बसों की संख्या 25 हो जाएगी। फिलहाल 15 ई-बसों में पांच सोनीपत-दिल्ली, पांच सोनीपत-कुंडली बॉर्डर, एक गन्नौर मंडी, एक गोहाना और तीन पानीपत रूट पर संचालित हो रही हैं। बसों में एसी, मोबाइल चार्जिंग सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। हालांकि सामान्य बसों की तुलना में इनका किराया कुछ अधिक है।

मुख्यालय स्तर पर योजना में बदलाव

ई-बसों की चार्जिंग व्यवस्था को लेकर मुख्यालय स्तर पर योजना में बदलाव किया गया है। पहले मुरथल चार्जिंग स्टेशन की क्षमता बढ़ाने की कवायद शुरू की गई थी, लेकिन अब जाटजोशी में प्रस्तावित नए बस अड्डा परिसर में 50 ई-बसों की क्षमता वाला चार्जिंग स्टेशन तैयार करने का काम शुरू करवाया जा रहा है। अक्तूबर में कुछ नई ई-बसें भी डिपो में शामिल होने की संभावना है।

-सुरेंद्र दुग्गल
एसएस, रोडवेज डिपो, सोनीपत

कर्मचारियों कारोबारियों को मिलेगी बड़ी राहत

रोहतक के लिए अब शाम 7:30 बजे तक मिलेगी रोडवेज बस

■ 2018 में रात्रि ठहराव बंद होने से शाम के समय रोहतक जाने वाली सेवा को किया गया था बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रोडवेज बसों में शाम 5 बजे के बाद रोहतक की ओर जाने में परेशानी झेलते आ रहे कर्मचारियों, कारोबारियों सहित यात्रियों को अब राहत मिलती नजर आ रही है। विभाग ने यात्रियों की सुविधा के लिए शाम 7:30 बजे सोनीपत से रोहतक के लिए रोडवेज बस सेवा को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। विभाग की नई समय सारिणी के अनुसार शाम 7:30 बजे रोडवेज बस सोनीपत बस अड्डा से रोहतक के लिए रवाना होगी। विभाग ने यात्रियों की मांग व सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया है। लंबे समय बाद सेवा शुरू होने से शाम के समय रोहतक जाने वाले यात्रियों को विकल्प मिल सकेगा। बता दें कि विभाग की ओर से वर्ष 2018 में शाम के समय रोहतक जाने वाली सेवा को बंद कर दिया था। उस समय बसों का रात्रि ठहराव बंद किए जाने के बाद शाम के समय सोनीपत से रोहतक के बीच रोडवेज बस का संचालन नहीं हो रहा था। ऐसे में सोनीपत से रोहतक के लिए शाम 5 बजे के बाद रोडवेज बस सेवा उपलब्ध नहीं होने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर रोजाना शाम के नौकरीपेशा या कारोबारियों को रोहतक जाने के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही थी। अधिकतर यात्रियों को रोहतक जाने के लिए सहकारी समिति की बसों पर निर्भर रहना पड़ता था। यात्रियों की मांग को देखते हुए विभाग ने अब बस सेवा को दोबारा शुरू करने से शाम के समय रोहतक जाने वाले यात्रियों को रोडवेज बस की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही निर्धारित रूट पर आसपास क्षेत्र के लोगों को भी फायदा मिल सकेगा। सोनीपत रोडवेज डिपो के डीआई ओमप्रकाश नसीयर ने बताया कि विभाग ने यात्रियों की बढ़ती मांग पर शाम के समय सोनीपत से रोहतक के लिए रोडवेज बस सेवा पुनः शुरू की है।





हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



हॉलीवुड मसाला



एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

लॉस एंजिल्स। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट की बेटी जहरा ने ऑफिशियली अपने सरनेम से 'पिट' शब्द हटा लिया है। अब से वह 'जहरा मार्ले जोली' के नाम से जानी जाएंगी। नाम में यह बदलाव एक कैलिफोर्निया जज द्वारा अप्रूव किया गया। बताया जा रहा है कि उनके नाम में यह बदलाव बिना किसी आपत्ति के हुआ है। जहरा ने 9 जून को अपने नाम से 'पिट' हटाने की मांग की थी। इसी बीच, उनके बड़े भाई मैडॉक्स ने भी ऐसी ही याचिका दायर की थी। जहरा ने पहले ही पब्लिकली 'जहरा मार्ले जोली' नाम का इस्तेमाल किया था। मई में, अटलांटा में स्पेलमैन कॉलेज से ग्रैजुएशन सेरिमनी में उनका नाम 'पिट' के बिना घोषित किया गया था। इसी तरह, उन्होंने नवंबर 2023 में अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी में शामिल होने के दौरान भी इसी नाम से अपना परिचय दिया था।



एवेंजर्स एंडगेम एनकोर का बॉक्स ऑफिस पर चला सिक्का

नई दिल्ली। 4600 करोड़ बजट और 23 सुपरहीरो वाली एवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को रिलीज हो रही है। उससे पहले 38 सुपरहीरो वाली मूवी एवेंजर्स एंडगेम को एवेंजर्स एंडगेम एनकोर नाम से रीरिलीज किया गया है। इसका सिक्का इंडियन बॉक्स ऑफिस पर चल गया है। 4600 करोड़ और 23 सुपरहीरो की फिल्म एवेंजर्स डूम्सडे से पहले मार्वल स्टूडियोज की रिकॉर्ड तोड़ फिल्म 'एवेंजर्स एंडगेम' का स्पेशल वर्जन एवेंजर्स एंडगेम एनकोर रिलीज किया गया है। सैकनिल्क के लाइव आंकड़ों के मुताबिक, सातवें दिन फिल्म भारत में 443 शो पर चल रही है और दिन का नेट कलेक्शन अभी तक 0.18 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। इससे फिल्म का कुल इंडिया नेट बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 29.53 करोड़ रुपए और इंडिया ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 35.28 करोड़ रुपए पहुंच गया है। बता दें कि एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में 38 सुपरहीरो हैं। 25 सितंबर को रिलीज हुई इस एवेंजर्स एंडगेम एनकोर में दिसंबर में आने वाली एवेंजर्स डूम्सडे की एक्सक्लूसिव झलक भी शामिल है।



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

टीवी मसाला



तेज प्रताप की गोद में बैठकर सारा ने किया डांस

नई दिल्ली। 'राइज एंड फॉल 2' इस वक्त चर्चा में है। वजह है शो में होने वाली लड़ाई और ड्रामा। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें सारा गुरपाल ने तेजू भैया की गोद में बैठकर डांस किया। रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का सीजन 2 शुरुआत से ही जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। शो में पेंटहाउस और बेसमेंट के खिलाड़ियों के बीच तगड़ा मुकाबला चल रहा है। टास्क के बाद हुई बहस में इस हफ्ते के अल्टीमेट रूलर बने तेज प्रताप यादव का गुस्सा भी देखने को मिला। जहां उन्होंने मनीष कश्यप को जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। तनातनी के बीच शो का एक नया और मजेदार प्रोमो सामने आया है। जब तेज प्रताप यादव के सामने बेसमेंट के कंटेस्टेंट्स ने परफॉर्मेंस दी, तो माहौल एकदम मजेदार हो गया. शो के नए मोड़ के तहत बेसमेंट में रह रहे वर्कर्स को पेंटहाउस में प्रमोट होने के लिए ऑडिशन देना था। जहां उन्हें अल्टीमेट रूलर तेज प्रताप यादव के सामने परफॉर्म करना था। अनाउंसमेंट हुई कि तेज प्रताप को जिसका परफॉर्मेंस सबसे ज्यादा पसंद आएगा, उसे ही पेंटहाउस में जाने का मौका मिलेगा। इस दौरान सारा गुरपाल ने डांस करते करते कुछ ऐसा कर दिया कि स्वरा भास्कर हैरान रह गईं। ऑडिशन के दौरान पंजाबी एक्ट्रेस और सिंगर सारा गुरपाल ने बॉलीवुड गाने पर धमाकेदार डांस करना शुरू कर दिया। हालांकि, डांस करते-करते सारा अचानक तेज प्रताप यादव की गोद में बैठ गईं। और उनके लिए रोमांटिक अंदाज में परफॉर्म करने लगीं। डांस के दौरान सारा ने मुस्कुराते हुए तेज प्रताप को 'क्यूटी' भी कहा।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं। वह बताती हैं कि वह बड़ी मूवी बलफ हूं और फिर उन्होंने बिग बी की 1997 की फिल्म मृत्युदाता से जुड़ा एक किस्सा बताया। अलमस ने कहा कि वह उस समय यंग थीं और कजिन के साथ मूवी देखने गई थीं। हालांकि, फिर अलमस बताती हैं कि वह फिल्म देखकर सो गई थीं। अलमस ने बिग बी से कहा, 'फिल्म तो मेरे समझ आई नहीं इतना। लेकिन, जगह इतनी खूबसूरत थी और ए सी लगा था कि मैं सो गई।



एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

अनिल को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में मिला नॉमिनेशन

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन



एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'

लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'



उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'

दुनियाभर में 6 भाषाओं में दिखाई जाएगी फिल्म

ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।

संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल' की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी। इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग

में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल' से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

गांधी जयंती पर स्वच्छता से युवा संवाद तक कई कार्यक्रमों में पहुंचे कैबिनेट मंत्री

सेवा व स्वच्छता को व्यवहार में करें शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव नगर में आंगन मिल समारोह, गांव गढ़ी सराय में महिला जागरूकता, गीता विद्या मंदिर में छात्र संवाद और जींद मार्ग पर जन सेवा संस्थान में बुजुर्गों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रमों में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने शिरकत कर स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।

डॉ. अरविंद शर्मा ने सेवा और स्वच्छता एक दिन का आयोजन नहीं है अपितु इन्हें अपने व्यवहार में शामिल करना महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हम अपने घर में कचरा देखते ही उठा लेते हैं, लेकिन सड़क पर पड़े कचरे को दूसरे की जिम्मेदारी मान लेते हैं। शहर भी हमारा घर है और इसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी हम सब की है। जब हमारा आस-पड़ोस, गांव और शहर स्वच्छ होंगे तभी स्वच्छ राष्ट्र निर्माण का सपना होगा। मंत्री ने सफाई कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी के स्वच्छता के संदेश को जन आंदोलन बनाया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार भी स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाओं के लिए लगातार काम कर रही है। इस अवसर पर एसडीएम अंकित कुमार, नायब तहसीलदार हेमंत कुमार, डब्ल्यूसीडीपीओ सुशीला देवी और भाजपा नेत्री रीना शर्मा, कुलदीप कौशिक, भूपेंद्र मुद्गिल और प्रवीन खुराना उपस्थित रहे।



गोहाना। आंगन मिलन समारोह में डॉ. अरविंद शर्मा और डॉ. रीटा शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रुचि और क्षमता आधारित लक्ष्य बनाएं

गीता विद्या मंदिर विद्यालय में कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए डॉ. शर्मा ने कॅरियर, नशा मुक्ति, एआई, साइबर अपराध और पर्यावरण पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि युवा अपनी रुचि और क्षमता के आधार पर लक्ष्य तय करें। आज तकनीक, खेल, कृषि, पर्यटन, उद्यमिता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित अनेक क्षेत्रों में अवसर हैं। युवाओं को एआई से डरने की नहीं, उसे समझने और सीखने की जरूरत है, लेकिन तकनीक हमारी सहायक होनी चाहिए, सोच का विकल्प नहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तिलकराज रेल्हन ने की। संयोजन प्राचार्य अश्विनी कुमार का रहा। कार्यक्रम में समिति के संयुक्त सचिव महेंद्र भारद्वाज, सदस्य योगेश, प्रेम, मदन, पूजा सैनी व कमलेश भाटिया मौजूद रहे।

महिलाओं के स्वास्थ्य की अनदेखी नहीं

गांव गढ़ी सराय में महिला जागरूकता कार्यक्रम में डॉ. रीटा शर्मा ने महिलाओं को एनीमिया के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि लगातार थकान, कमजोरी, चक्कर आना और सांस फूलने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। महिलाओं और किशोरियों को समय-समय पर हीमोग्लोबिन की जांच कराने के साथ पौष्टिक भोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ महिला ही स्वस्थ परिवार और सशक्त समाज की नींव है।

एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान चलाया

सोनीपत। हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की एनसीसी इकाई ने स्वच्छता, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाया। एनसीसी कैडेट्स ने स्वयं स्वच्छता गतिविधियों में भाग लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने पोस्टर और प्रेरणादायक संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का महत्व बताया। कुछ कैडेट्स ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों से आसपास सफाई रखने और स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। प्राचार्या डॉ. विपाशा अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। 12 हरियाणा बटालियन एनसीसी, सोनीपत के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विशाल दुबे ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करती है। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन नीतू नसीयर दूहन ने कहा कि स्वच्छता की शुरुआत अपने व्यवहार से होती है। अभियान के समापन पर कैडेट्स ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और दूसरों को प्रेरित करने का संकल्प लिया।

एनसीसी कैडेट्स ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



खरखौदा। महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर प्रताप सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरखौदा के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता एवं जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने आमजन को स्वच्छता, साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक किया। विद्यालय की प्राचार्या दया दहिया एवं एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर, विद्यालय, कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का संकल्प ले, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। रैली विद्यालय के मुख्य द्वार से शुरू होकर खरखौदा के विभिन्न मार्गों से होते हुए बस स्टैंड तक पहुँची। रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा न डालने, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करने तथा अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की अपील की। विद्यार्थियों ने कहा कि स्वच्छता अभियान तभी सफल हो सकता है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

न्यूज डायरी



मेधावी छात्र और छात्राओं को सम्मानित किया

गन्नौर। गांव राजलू गढ़ी में समाज सुधार संकल्प समिति द्वारा महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि गांव के ही गन्नौर में राठी नर्सिंग होम के संचालक डॉक्टर वेद प्रकाश राठी ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विपिन वर्मा, डॉक्टर रमेश, त्रिलोकचंद शर्मा, सुरेंद्र राठी उर्फ कुकू ,मुकेश मास्टर, डॉक्टर सोनू, विजेंद्र राठी सरपंच, सावन सरपंच भोगपुर , ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल, वजीर राठी , सुनील राठी ने शिरकत की। कार्यक्रम में गांव के मेधावी छात्र और छात्राओं को पुरस्कार व सम्मान से सम्मानित किया इसके अलावा गांव में बेहतर कार्य करने वाले लोगों का भी समिति ने सम्मान किया। समिति द्वारा किए कार्य की ग्रामीणों ने सराहना की । कार्यक्रम में पहुंचने व समिति के प्रधान अजीत राठी,उप प्रधान कुलदीप राठी, अमित अत्री, अनिल राठी ,देवेंद्र पाली आदि समिति के सदस्यों में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। समिति द्वारा गांव में बेहतर कार्य करने पर समिति सदस्यों का उत्साह बढ़ाने के लिए मुख्य अतिथि डॉक्टर वेद प्रकाश राठी ने अपनी ओर से 21000 रुपए व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपनी तरफ से समिति का आर्थिक सहयोग किया और भविष्य में समिति का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर समिति के सदस्य सम्मी, वीरेंद्र राठी, सुरेश, सतवीर राठी आदि मौजूद थे। समिति द्वारा गांव की बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने पर छात्रा दीपिका, डीएवी स्कूल की छात्रा रही जानवी, दीप ,पलक , परनीत नेहा , रितेश ,खुशी ,प्रीति ,समर जानवी आदि का सम्मान किया।

वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति ने मनाया सम्मान समारोह



सोनीपत। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को सेक्टर-15 सामुदायिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान प्रेम रेलन ने की। प्रमुख समाजसेवी शशिकांत कौशिक मुख्य अतिथि और वीर सिंह सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर, पूर्व चेयरमैन नगर परिषद अशोक छाबड़ा, निगम पार्षद त्रिभुवन कौशिक, संजीव वालेचा और समाजसेवी नरेंद्र भूटानी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुई। इसके बाद महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ओम प्रकाश मुंजाल, हरबंस लाल अरोड़ा, प्रीतपाल बाल्यान, टेक चंद त्रिवेदी, आरबी सिंह और प्रेम रेलन ने अपने विचार रखे।अक्टूबर में जन्मे 11 वरिष्ठ नागरिकों का जन्मदिन मिठाई खिलाकर मनाया गया। उन्हें पुष्पकुंज, अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समापन पर सीताराम भारद्वाज ने अतिथियों और समिति सदस्यों का आभार जताया। शशिकांत कौशिक की ओर से सभी उपस्थित सदस्यों को उपहार भी दिए गए। नीलकंठ मुखीजा, रवि कपूर, रमेश अरोड़ा, किशन चंद मिढ़ा, ऊषा भंडारी, हरीश कपूर, प्रोमिला मलिक और सतीश कुमार अरोड़ा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन



सोनीपत। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस पार्टी के जिला महामंत्री डा. सत्यवीर निर्माण ने साथियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती पर उन्हें फूल-मालाएं अर्पित कर नमन किया। भीम नगर सारंग रोड स्थित कार्यालय में आयोजित सभा में डा. सत्यवीर निर्माण ने कहा कि महात्मा गांधी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि क्रूरता का उत्तर क्रूरता से देना नैतिक और बौद्धिक पतन को स्वीकार करना है। इस अवसर पर हंसराज ईष्टकान प्रधान, भलेराम जागडा, ब्रहम सिंह रोहिला, नीलकंठ मुखिजा, प्रेमनारायण गुप्ता, अर्पित बहमणिया, गौतम गौरव, कलावती पंचाल, एडवोकेट राहुल निर्माण, राकेश कुमार और राजेन्द्र फौजी मौजूद रहे।

भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने पर मंथन



गोहाना। भाजपा जिला गोहाना की संगठनात्मक बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों और बूथ स्तर पर संगठन को और सक्रिय करने को लेकर मंथन किया गया। सोनीपत रोड स्थित कार्यालय में हुई बैठक में जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक और जिला प्रभारी मीना चौहान ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। बिजेंद्र मलिक ने संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर दिया। संगठन की मौजूदा गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय, बूथ स्तर पर गतिविधियों को गति देने और पार्टी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने पर चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष मलिक ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण से होती है। चौहान ने आगामी संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी कार्यक्रमों को सफल बनाने के निर्देश दिए।

जिला बार एसोसिएशन ने चलाया स्वच्छता अभियान



सोनीपत। गांधी जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन सोनीपत की ओर से बार परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के प्रधान महेंद्र सिंह सैनी ने की। इस दौरान प्रधान सहित एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने मिलकर परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान बार परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई की गई और साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। प्रधान महेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण सभी के लिए आवश्यक है और सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे नियमित आदत के रूप में अपनाना चाहिए। पदाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का आभार जताया।

नन्हे कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया सामाजिक जागरूकता का संदेश



खरखौदा। गांधी जयंती के अवसर पर बुद्धा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने स्वच्छ भारत अभियान और सेवा संकल्प अभियान के तहत गांवों में जाकर नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटकों में अलग-अलग थीम्स के जरिए जसोर खेड़ी और आसौदा गांव की गलियों में घूम-घूम कर लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया गया। लोगों को बताया गया कि बेवजह पानी को खराब ना करें, अपने आस-पास सफाई रखें, गांव की नालियों को साफ रखें और पानी को एक जगह जमा न होने दें। बच्चों ने अपने विचार, स्लोगन और नारे लगाकर प्रस्तुत किए। स्कूल के सभी अध्यापक, बच्चे, ड्राइवर्स, हेल्पर्स और मैनेजमेंट ग्राउंड लेवल पर मौजूद रहे और बच्चों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य योगेंद्र दहिया तथा मैनेजमेंट की ओर से आर. एन. दहिया, कांता दहिया, कामिनी दहिया, नेहा दहिया तथा कोऑर्डिनेटर शिवानी शर्मा ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को इस जन जागरूकता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा उत्कृष्ट एवं उत्साहपूर्ण प्रदर्शन करने के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

गांधी व शास्त्री जयंती पर स्वच्छता योद्धाओं के साथ मनाया सेवा संकल्प का पर्व

गन्नौर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गन्नौर खेल स्टेडियम में सफाई कर्मचारी साथियों के साथ सेवा, सम्मान और स्वच्छता का संदेश देते हुए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक ने स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान करते हुए उन्हें लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। साथ ही सुबह नाश्ता एवं जलपान करवाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सफाई कर्मचारियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। योगेश कौशिक ने कहा कि सफाई कर्मचारी प्रतिदिन अपने परिश्रम से गन्नौर शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। योगेश कौशिक ने कहा कि सफाई कर्मचारी केवल सरकार के कर्मचारी नहीं, बल्कि गन्नौर परिवार के स्वच्छता योद्धा हैं। जब अधिकांश लोग अपने घरों में आराम कर रहे होते हैं, उस समय सफाई कर्मचारी अपने कर्तव्य पर निकलकर पूरे शहर को स्वच्छ रखने का काम करते हैं। योगेश कौशिक ने कहा कि स्वच्छता का सीधा संबंध स्वस्थ जीवन, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज से है। इस अवसर पर दरोगा जयप्रकाश, मुकेश, प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर अमित बत्रा, एडवोकेट अभिनीत कौशिक, एडवोकेट अंकित त्यागी, सुरेंद्र खुराना आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


गन्नौर। मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन योगेश कौशिक स्वच्छता योद्धाओं का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

राई में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सादगी, त्याग और सेवा का प्रतीक

राई। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने जीटी रोड के पास स्थित अपने कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। माईराम कौशिक ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री दोनों के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणादायक हैं। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को स्वतंत्रता आंदोलन में एकजुट करने का कार्य किया। उनका जीवन सादगी, त्याग और सेवा का प्रतीक रहा। वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी और ईमानदारी को अपने सार्वजनिक जीवन का आधार बनाया। पीएम के रूप में उन्होंने देश के सामने आने वाली चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया और देशवासियों को कर्तव्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। माईराम ने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी इन महान विभूतियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करे। समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और सहयोग की भावना को मजबूत करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।


राई। भाजपा नेता माईराम कौशिक ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए।

लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम ने किया नमन



सोनीपत। ऑल इंडिया शास्त्री सोशल फोरम की ओर से शुक्रवार को आठ मरला स्थित लाल बहादुर शास्त्री पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष यशवंत राव चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने शास्त्री के चित्र पर पुष्पमालाएं अर्पित कर उन्हें नमन किया। यशवंत राव चौहान ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था। संघर्षपूर्ण जीवन के बाद उन्होंने काशी विद्यापीठ से शास्त्री की उपाधि प्राप्त की। 9 जून 1964 को प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार किया। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भी उन्होंने दृढ़ नेतृत्व का परिचय दिया। उन्होंने युवाओं से शास्त्री के विचारों को पढ़कर उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सुरेशपाल, राम सिंह दहिया, गोविंदराम, राजू वधवा, सचिन तलवार, पारस हसीजा, सरदार मनजीत सिंह, सतपाल कौशिक, ब्रह्म सिंह रोहिल्ला और प्रताप सिंह रवि मौजूद रहे।

जन जन तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही अभियान का उद्देश्य

खरखौदा। उपमंडल के गांव मटिंडू में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सैनी, जिला महामंत्री संदीप राणा व महिला एवं बाल विकास विभाग की डब्ल्यू सीडीपीओ नीलम रंगा उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक पूजा खरब ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं व जनकल्याणकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान 6 माह से अधिक आयु के दो बच्चों यश और मन्नत का अन्नप्राशन करवाया गया। चार्वी को 21 हजार रुपये का एलआईसी बांड मुख्य अतिथि द्वारा दिया गया। मुख्य अतिथि ने एक पेड़ माँ के नाम मुहिम के तहत पौधारोपण किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कविता व आशा वर्कर पूजा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक पूजा, कार्यकर्ता कविता, शबनम, सुदेश व अन्य महिलाए व पुरुष उपस्थित रहे।



भाजपा ने वोट चोरी षड्यंत्र से सत्ता हासिल की : दीपेंद्र



गोहाना। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके वोट चोरी करके षडयंत्र के तहत सत्ता हासिल की। भाजपा ने सत्ता हासिल करने के लिए साम, दाम, दंड, भेद, साजिश और हर तरह के हथकंडे अपनाए। वे शुक्रवार को गांव मुंडलाना में खंड स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता बरोदा हलका के कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल ने की।दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा द्वारा हरियाणा समेत हर प्रदेश में वोट चोरी का खेल खेला गया। वोटों की गिनती के दिन कांग्रेस पार्टी ने 90 में से 75 सीटों पर पोस्टल बैलेट में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इस खेल की पोल 2 चुनाव आयुक्तों ने स्वयं ही खोल दी। 10 महीने में 14 चि_ी लिखकर वोट चोरी के खेल को बेनकाब कर दिया। भाजपा के सारे इंतजाम और जुगाड़ जनता के सामने आ गए हैं। सांसद दीपेंद्र ने कहा कि यह सरकार जनता का दिल जीतकर नहीं बनी। भाजपा जनता को दरकिनार करके चल रही है। बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करके लोकतंत्र का गला घोंट रही है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि ज्ञानेश कुमार भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इसलिए उनको भाजपा का अध्यक्ष बना देना चाहिए। इस अवसर पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व मंत्री धर्मपाल मलिक, पूर्व मंत्री जगबीर मलिक, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, पूर्व विधायक बलबीर बाल्मीकि, प्रो. वीरेन्द्र सिंह, अनूप मलिक, जगदीश भावड़, जितेन्द्र जांगड़ा, कुलदीप गंगाना, रवि इंदौरा, रघुबीर जागसी, जंगशेर नूरनखेड़ा, जय सिंह मलिक, परमेन्द्र जौली व रेखा दहिया सहित पार्टी के अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जीवीएम गर्ल्स कॉलेज परिसर व आसपास के क्षेत्र में सफाई कर निकाली जागरूकता रैली

एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता दिवस मनाया। संस्थान के प्रधान डा. ओपी परुथी और प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए छात्राओं से सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रियंका के मार्गदर्शन में कैडेट्स ने कॉलेज परिसर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके साथ ही लघु जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।


सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में रैली निकालती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने कैडेट्स से स्वयं स्वच्छ रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। अभियान से कैडेट्स में अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना मजबूत हुई।

सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों के आदर्शों को किया याद



सोनीपत। मानव अधिकार संरक्षण संघ के राष्ट्रीय कार्यालय में विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को याद किया। डा. पूर्णमल गौड़ ने महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान और लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री कार्यकाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांधी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी, जबकि शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और दृढ़ नेतृत्व की मिसाल कायम की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयवीर गहलावत ने कहा कि दोनों महापुरुषों का जीवन आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। डा. सुभाष सिसोदिया ने विद्यार्थियों के जीवन में गांधी के सत्य, अनुशासन, अहिंसा और नैतिक मूल्यों की प्रासंगिकता बताई। दिलबाग सिंह, सत्यवीर आर्य और डा. धर्मवीर मलिक ने लाल बहादुर शास्त्री के परिवार से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सोनू, रामप्रकाश हुड्डा, रामफल मलिक, बिजेंद्र सिंह सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत बनाई पोषण रंगोली

खरखौदा। शुक्रवार को गांव सेहरी में आंगन मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य रूप से भाजपा नेता दीपक पांचाल, सुनील, सरपंच सोनिया देवी, सुपरवाइजर सुदेश आदि उपस्थित रहे। सीडीपीओ नीलम रंगारंगगने विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं की गोद भराई करवाई। आंगनवाड़ी वर्करों, हेल्परों व आशा वर्करों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। गतिविधियों के अंतर्गत पोषण रंगोली बनाई गई।

उत्तराखंड डेलिगेशन ने देखा गन्नौर मॉडल

गन्नौर। उत्तराखंड से आया चार सदस्यीय डेलिगेशन शुक्रवार को गन्नौर पहुंचा। भाजपा गुरुग्राम जिला उपाध्यक्ष एवं सेवा संकल्प पखवाड़े के प्रदेश सह-संयोजक संदीप राघव के नेतृत्व में पहुंचे दल ने नई अनाज मंडी, अटल किसान मजदूर कैंटीन के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी का भी दौरा किया। डेलिगेशन में शामिल इंटरनेट मीडिया इंफ्लुएंसर्स ने यहां की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की वीडियो भी बनाई, जिन्हें इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उत्तराखंड के लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

नई शिक्षा नीति के तहत जिलेभर के शिक्षक 6 अक्तूबर से लेंगे ट्रेनिंग

बच्चों का लर्निंग लेवल परखने को एफएलएन प्रशिक्षण शिविरों का हिस्सा बनेंगे 1752 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार मौलिक शिक्षा विभाग की ओर से निपुण हरियाणा मिशन एवं नई शिक्षा नीति के तहत 6 अक्टूबर से जिले में 8वें चरण में मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता (एफएलएन) शिविर लगाए जाएंगे। शिविर के माध्यम से बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक जिले के कुल 1700 प्राथमिक शिक्षकों को 4 चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इनके अलावा जिलेभर में 52 एबीआरसी व बीआरपी भी एफएलएन प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे। शिविर के दौरान जिले में छह ब्लॉक में रोजाना 2 बैच संचालित किए जाएंगे, जबकि कथूरा ब्लॉक में नियमित एक बैच के जरिये शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एफएलएन शिविरों के माध्यम से जिले में 37 मास्टर ट्रेनर प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं उन्हें निपुण बनाने के गुर सिखाएंगे। करीब एक माह चलने वाले अलग-अलग 6 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम की खंड स्तर पर शुरुआत करने की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। निदेशालय की ओर से प्रदेशभर के मास्टर ट्रेनरों को अगस्त माह में गुरुग्राम में विशेष प्रशिक्षण दिलाया गया है, ताकि वह जिलेभर की बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक के शिक्षकों को शिविर के माध्यम से संबंधित जानकारी मुहैया करवा सकें। साथ ही उन्हें प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। शिविर में सभी शिक्षकों का मार्गदर्शन कर उन्हें कक्षाओं में मार्च 2027 तक प्रत्येक सप्ताह अनुसार विद्यार्थियों को पढ़ाने संबंधी जानकारी सहित अधिगम सामग्री के प्रभावशाली प्रयोग, स्किल पासबुक भरना, बच्चों के लर्निंग लेवल को पहचानने जैसी अवधारणाओं पर प्रशिक्षण दिया गया, ताकि उसी अनुरूप विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर सकें। सभी प्राथमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को शिविर संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



सोनीपत। राजकीय विद्यालय में एफएलएन शिविर में प्रशिक्षण लेने वाले शिक्षक।

किस ब्लॉक में कितने शिक्षक व मेंटर्स होंगे शामिल

ब्लॉक	शिक्षक	मेंटर्स	तय समय
सोनीपत	420	10	4 सप्ताह
गन्नौर	323	12	4 सप्ताह
गोहाना	211	04	3 सप्ताह
कथूरा	79	05	2 सप्ताह
खरखौदा	172	09	2 सप्ताह
मुंडलाना	147	06	2 सप्ताह
राई	348	06	4 सप्ताह

जून में एसआईआर कार्य बना था बाधा

बता दें कि आमतौर पर हर साल शिक्षकों के लिए जून माह में एफएलएन प्रशिक्षिण शिविर लगाए जाते रहे हैं, लेकिन इस बार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के चलते विभाग की यह योजना सिरे नहीं चढ़ पाई। शिक्षकों की एसआईआर में व्यस्तता के चलते इस बार अक्तूबी माह के अंदर एफएलएन प्रशिक्षण का कार्य पूरा करवाने की हिदायत दी गई है।

शिविरों की रुपरेखा तैयार करने में जुटे अधिकारी

जिला एफएलएन समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि जिले सभी खंडों सोनीपत, गोहाना, गन्नौर, खरखौदा, राई कथूरा, मुंडलाना में एफएलएन प्रशिक्षण शिविर लगाने के लिए अधिकारी रुपरेखा तैयार करने में व्यस्त हैं। प्रशिक्षण से पूर्व शिक्षकों को मुहैया करवाई जाने वाली सामग्री को प्रिंट करवा लिया गया है, जिन्हें जल्द ही शिक्षकों को मुहैया करवाया जाएगा। एफएलएन गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए विद्यालय स्तर पर आवश्यक सुधार एवं कार्यों को समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है।

37 मास्टर ट्रेनर करेंगे मार्गदर्शन

विद्यालय शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार अक्तूबर माह के अंदर एफएलएन शिविरों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। शिविरों के माध्यम से गुरुग्राम में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जिले के 37 मास्टर ट्रेनर बालवाटिका-3 से कक्षा 5वीं तक के शिक्षकों का मार्गदर्शन करेंगे। सभी शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वह अपने क्षेत्र में एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा जरूर बनें।

-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

जिले के 783 शिक्षक गृह क्षेत्रों का नहीं कर पाएंगे रुख

इस वर्ष एफएलएन शिविरों में यह बदलाव देखने को मिलेगा कि प्रदेशभर में कार्यरत जिले के 783 प्राथमिक शिक्षक अपने गृह क्षेत्रों का रुख नहीं कर पाएंगे। बता दें कि सोनीपत के 783 शिक्षक अपने गृह क्षेत्रों के बजाय प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के प्राथमिक विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हर साल यह शिक्षक ग्रीष्मकालीन अवकाश के चलते जून में अपने गृह क्षेत्रों में लगने वाले एफएलएन शिविरों का हिस्सा बनते थे, लेकिन शैक्षणिक सत्र के चलते निदेशालय ने उन्हें कार्यरत जिलों में ही शिविरों का हिस्सा बनने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज डायरी

कांग्रेस चुनाव आयोग से सवाल करती है तो जवाब बीजेपी क्यों देती है : हुड्डा



सोनीपत। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पूछा है कि जब कांग्रेस चुनाव आयोग से सवाल पूछती है तो जवाब देने के लिए बीजेपी आगे क्यों आती है। इससे पता चलता है कि बीजेपी और चुनाव आयोग की गहरी सांठगांठ है। इसी सांठगांठ के चलते बीजेपी कई चुनाव जीत चुकी है, जिनमें से हरियाणा भी एक है। हमारे नेता राहुल गांधी ने सबूत के साथ इस का खुलासा किया है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा सोनीपत से पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार के पिता दलीप सिंह पवार के निधन पर शोक व्यक्त करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने परिजनों से मुलाकात की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री आए दिन पंजाब जाते रहते हैं। लेकिन वो कभी भी हरियाणा के पानी की बात नहीं करते। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा लगातार जनता पर महंगाई की मार माने में लगी है। पहले चीनी के रेट और अब गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी से साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति सही नहीं है।

पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्क्स यूनियन ने विधायक को सम्मेलन का दिया निमंत्रण



सोनीपत। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्क्स यूनियन की जिला कमेटी सोनीपत के शिष्टमंडल ने जिला प्रधान सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भाजपा विधायक निखिल मदान से मुलाकात की। शिष्टमंडल ने विवेकानंद चौक स्थित विधायक कार्यालय पहुंचकर संगठन के 59वें स्थापना दिवस और 16वें त्रिवार्षिक राज्य स्तरीय चुनाव सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। विधायक निखिल मदान ने शिष्टमंडल को सम्मेलन में अनिवार्य रूप से शामिल होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार कर्मचारियों के हितों और उनकी मांगों को लेकर सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर रही है तथा कर्मचारी हित में कई फैसले लिए गए हैं। प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय चुनाव सम्मेलन में प्रदेशभर की सभी जिला कमेटियों और सैकड़ों शाखाओं के चुनाव प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। शिष्टमंडल में प्रदेश प्रेस प्रवक्ता विनोद शर्मा, जिला चेयरमैन विष्णु दत्त भारद्वाज, शाखा चेयरमैन धूप सिंह लाकड़ा, शाखा सचिव देवेंद्र कुमार और शाखा कोषाध्यक्ष सुरेश नैयर मौजूद रहे।

देश के लिए महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री ने महत्वपूर्ण योगदान दिया : जगदीश

गन्नौर। महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में गांव राजलू गढ़ी में कांग्रेस के हलका अध्यक्ष जगदीश राठी के नेतृत्व में मनाई गई। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेस के हलका अध्यक्ष जगदीश राठी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया और उनके विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने लोगों से उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण भी मौजूद रहे।



शेर सिंह पब्लिक स्कूल में गुरु-शिष्यों ने दोनों महापुरुषों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



गोहाना। शेर सिंह पब्लिक स्कूल, गोहाना में शुक्रवार को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गुरु और शिष्यों ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके नमन किया। स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने कार्यक्रम में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कक्षा 12वीं की छात्रा याचना ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं स्वच्छता के सिद्धांतों तथा कक्षा 11वीं के छात्र हिमांशु ने लाल बाहदुर शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, ईमानदारी एवं उनकी देशभक्ति भावना पर अपनी प्रस्तुति दी। प्राचार्य कुलदीप देशवाल ने इन दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर एक जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। मंच संचालन गतिविधि प्रभारी रितु रानी ने किया। इस अवसर पर निर्मला देवी, पूनम रानी व बलवान सिंह सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

डॉ. दिलीप पंवार की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब



सोनीपत। सोनीपत के पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार के पिता डॉ. दिलीप सिंह पंवार की श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा शुक्रवार को मुरथल स्थित गीतांजलि गार्डन में आयोजित हुई। सभा में बड़ी संख्या में सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, राजनीतिक नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य लोग पहुंचे। सभी ने दिवंगत डॉ. दिलीप सिंह पंवार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभा में डॉ. दिलीप सिंह पंवार के सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन से जुड़े लोगों ने उनके साथ बिताए समय को याद किया तथा उनकी स्मृतियां साझा कीं। लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया। डॉ. दिलीप सिंह पंवार ने करीब 28 वर्षों तक शुगर मिल सोनीपत में सेवाएं दी थीं। कार्यक्रम स्थल पर दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रही। परिवार की ओर से पुत्रवधु समीक्षा पंवार ने श्रद्धांजलि देने पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। डॉ. दिलीप सिंह पंवार अपने पीछे पुत्र सुरेन्द्र पंवार, पौत्र राहुल पंवार और ललित पंवार सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

लाभार्थियों को 21-21 हजार रुपये के बॉन्ड बांटे

गन्नौर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को गांव चिरस्मी के आंगनवाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुपरवाइजर निशा ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि के तौर पर विधायक देवेंद्र कादियान प्रतिनिधि समाजसेवी अनिता कादियान रही। कार्यक्रम में आपकी बेटी हमारी बेटी योजना के तहत 11 लाभार्थियों को 21-21 हजार रुपये के बॉन्ड वितरित किए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कराई गई और छह माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। मुख्यातिथि अनिता कादियान ने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और बेहतर भविष्य तक सरकार की योजनाओं का लाभ परिवारों तक पहुंचना जरूरी है।सुपरवाइजर निशा ने कहा कि आंगन मिलन का उद्देश्य आंगनवाड़ी केंद्र को परिवारों से सीधे जोड़ना है। इस अवसर पर सरपंच जसबीर तूर, एएनएम सीमा, सुषमा, राजबाला, कृष्णा देवी, मदनकेसरी समेत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।



बापू के सत्य व शास्त्री की सादगी को जीवन में उतारें : दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती शुक्रवार को जिले भर में श्रद्धा व गरिमा के साथ मनाई गई। इस उपलक्ष्य में सेक्टर-14 स्थित गांधी चौक के निकट कांग्रेस पार्टी द्वारा विशेष शत-शत नमन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य नेतृत्व कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने किया, जबकि ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया भी विशेष रूप से साथ रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सभी ने बापू और शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री भारत के ऐसे दो अनमोल रत्न हैं, जिनके आदर्श और विचार आज भी पूरे विश्व का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बापू ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा की ताकत का अहसास कराया। उन्होंने दिखाया कि बिना हथियार उठाए भी बड़े से बड़े साम्राज्य को झुकाया जा सकता है। आज के दौर में जब समाज में अशांति और असहिष्णुता बढ़ रही है, तब बापू के सद्भाव, भाईचारे और शांति के सिद्धांतों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। कमल दिवान ने लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के अद्वितीय प्रतीक थे। 'जय जवान, जय किसान' का अमर नारा देकर उन्होंने देश के अन्नदाता और सीमा के प्रहरियों के स्वाभिमान को नई ऊंचाई दी थी।



सोनीपत। गांधी चौक पर कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

ये रहे मौजूद

इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ग्रामीण संजीव दहिया, जयवीर अंतिल, जय भगवान अंतिल, उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा, उपाध्यक्ष हरेंद्र सैनी, संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल, महासचिव देवेंद्र शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चावला, पार्षद राजेश मलिक, महासचिव राजेश सेवली, महासचिव दयानंद वाल्मीकि, महासचिव बिन्नी भारद्वाज, कोषाध्यक्ष नीटू, कार्यालय प्रभारी जयवीर राठी, सचिव पायल मलिक, सचिव सीमा वर्मा, सचिव हरिओम सरोहा, रणजीत कौशिक, भले राम जांगड़ा, ऋतुराज, देवेंद्र महला, पुनीत राणा, बिंदिया चोपड़ा, सुनील दहिया, पवन मेहरा, सुरेश प्रधान, अमित, लीलू प्रधान, चंद्रकमल, संदीप अंतिल, कृष्ण बुमराह, नीलम बालियान, कलावती तथा राजबाला सहित कई प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने सीखा अनुशासन और शिष्टाचार

गोहाना। गोहाना-खानपुर कलां मार्ग स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित त्रि-दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन विद्यार्थियों को अनुशासन एवं शिष्टाचार का महत्व समझाया गया। शिविर में स्काउट एंड गाइड प्रदेश प्रशिक्षक उमंग गिल और राज्य प्रशिक्षण आयुक्त कृष्ण मलिक ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। शिविर का नेतृत्व स्कूल के एमडी पंकज जाले ने किया एवं अध्यक्षता प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। शिविर में विद्यार्थियों को अनुशासन और शिष्टाचार के साथ प्राथमिक चिकित्सा, स्ट्रेचर बनाना, घायल व्यक्ति की सहायता करना, रस्सी में गांठ लगाना तथा आत्मरक्षा के तरीके सिखाकर आपदा की स्थिति में स्वयं को सुरक्षित रखते हुए दूसरों की सहायता के लिए प्रेरित किया गया। इस तीन दिवसीय शिविर में लगभग 300 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रीति शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट एंड गाइड अनुशासन, सेवा-भाव और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। यह युवाओं में नेतृत्व और राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करता है।



रक्तदान के लिए आगे आएं, स्वास्थ्य के प्रति रहें सजग : विधायक कादियान



गन्नौर। गांव खुबड़ू में शुक्रवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंजीत चीमा ने की। जबकि बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने शिरकत की और रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। रक्तदान शिविर में युवाओं के साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ खूनदान किया। सेहत टीम ने करीब 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया। वहीं, शिविर में करीब 100 लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सेहतमंद बने रहने को लेकर टिप्स दिए। इस दौरान विधायक कादियान ने एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विधायक देवेंद्र कादियान ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि रक्तदान केवल सामाजिक सेवा नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के लिए जीवन बचाने का माध्यम है। इस अवसर पर महंत दीपक नाथ, बीएलओ प्रदीप कुमार, रविंद्र, मंजीत धनखड़, हरिओम पांचाल, धर्मसिंह शेखपुरा, विकास रापड़यिा, पवन धनखड़, बलवान जांगड़ा, मेजर रघुबीर खुबड़ू, प्रवीन पांचाल, हरिओम ठकरान आदि मौजूद रहे।

ऋग्वेद में अग्निदेव की उपासना आवश्यक : आचार्य राजकुमार

सोनीपत। ऋग्वेद में अग्निदेव की उपासना आवश्यक बताई है क्योंकि यही देवता अन्य देवताओं का भी मुख है। ये विचार वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने व्यक्त किए। वे शहर की काठ मंडी स्थित आर्य समाज द्वारा संचालित आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी श्रद्धानंद के शताब्दी बलिदान वर्ष पर शुरू किए गए ऋग्वेद पारायण महायज्ञ के अवसर पर बतौर ब्रह्मा बोल रहे थे। समाजसेवी राजकुमार सैनी और लक्ष्मी देवी ने दीप प्रज्वलित कर महायज्ञ को शुरू कराया। वैदिक प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि यज्ञ में आहुति देने से दूसरे देवताओं की भी स्तुति हो जाती है। महायज्ञ में शामिल हुए सभी यजमानों को स्वामी श्रद्धानंद द्वारा लिखित आत्मकथा कल्याण मार्ग का पथिक व स्मृति चिह्न भेंट किए गए। इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री कपिल देव, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार, पुरुषोत्तम दास, प्राचार्य नरेंद्र सिंह, चांदकौर, सोनिया, मंजू, संतोष,, ममता, नीलम, सतेन्द्र सरोहा, दिलावर सिंह, जसबीर सरोहा आदि भी मौजूद रहे। महायज्ञ के पहले दिन नीरज, सुधीर, राजेंद्र, जगदीश, बलविंद्र, जिनेश, गौरव,, मनोज, भरपूर, अमित, सत्यपाल, आशीष, राजकुमार, दीपक सपत्नीक यजमान बने।



ऋषिकुल विद्यापीठ में वार्षिक पूर्वछात्र मिलन समारोह



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में शुक्रवार को वार्षिक पूर्वछात्र मिलन समारोह-2026 धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्वछात्रों को विद्यालय से दोबारा जोड़ना और पुरानी स्मृतियों को जीवंत करना रहा। मुख्य अतिथि आरजू, पीजीटी अंग्रेजी, डीएसएसबी और विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल नवीन कुमार का स्वागत किया गया। छात्रावास के विद्यार्थियों ने अतिथियों से संवाद कर उनके अनुभवों से प्रेरणा ली। विद्यालय के विज्ञान उद्यान में टाइम कैप्सूल का उद्घाटन किया गया। व्यायामशाला सभागार में विद्यार्थियों की कला प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका पूर्वछात्रों ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम् का सामूहिक गायन प्रस्तुत किया। प्राथमिक विंग के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और माध्यमिक विंग के विद्यार्थियों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9653530209, 9253681005, 9253681010

लघु सचिवालय में सात सूत्रीय मांगों को लेकर सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चला धरना

शिक्षकों की मांगों को लेकर किया सत्याग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के आह्वान पर शिक्षकों की मांगों को लेकर शुक्रवार को लघु सचिवालय में सत्याग्रह किया। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले सत्याग्रह की अध्यक्षता जिला प्रधान नरेंद्र चहल ने की, जबकि मंच संचालन जिला सचिव दिनेश छिक्कारा ने किया। संगठन ने टीईटी की अव्यावहारिक शर्त को तर्कसंगत बनाने, शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने सहित सात सूत्रीय मांगें उठाईं। इनमें 28-29 मार्च 2022, 16 फरवरी 2024, 9 जुलाई 2025 और 12 फरवरी 2026 की स्थायी हड़ताल को नियमित करने, सेवा नियमावली 2012 में संशोधन, अतिथि अध्यापकों सहित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों की सेवाएं नियमित करने, पुरानी पेंशन बहाल करने तथा विद्यालयों के विलय या बंद करने पर रोक लगाने की मांग शामिल रही।



सोनीपत। सत्याग्रह के दौरान मौजूद संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

केवल शिक्षण कार्य दिया जाए

संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों को केवल शिक्षण कार्य दिया जाए, ताकि वे विद्यार्थियों की पढ़ाई और शैक्षणिक गुणवत्ता पर ध्यान दे सकें। सत्याग्रह में सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान देशराज, कैशियर राजीव खत्री, कार्यालय सचिव रोहतास चहल, कुलदीप, रामप्रसाद, अनिल कुमार, दिलबाग सिंह, दिनेश सिंह, रविंद्र कौशिक, राजेश ढुग्गल, सुरेंद्र पाल, सुनीता, नफे सिंह, संदीप, तारा सिंह और संजय कुमार सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।